



एक नजर में



### तालाब गहरीकरण और स्वच्छता के लिए किया श्रमदान

**दोराहा.** जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड के ग्राम बमुलिया दोराहा और शेखपुरा में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की गई. मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान के तहत तालाबों का गहरीकरण और साफ-सफाई का कार्य श्रमदान के माध्यम से किया गया. कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर के मार्गदर्शन में जल संरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाने पर जोर दिया गया. मेंटर रवि सोनी ने कहा कि पानी की हर बूंद को बचाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए लोगों को अपनी आदतों में बदलाव लाना होगा. इस दौरान उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई.



### भागवत कथा के समापन पर फाग महोत्सव

**सीहोर.** महिला घाट स्थित गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का समापन फाग महोत्सव के साथ हुआ. इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से फूलों की होली खेली और भजनों के साथ उत्सव मनाया. महंत उद्धव दास महाराज ने कथा में श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि उनकी हर लीला धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश का संदेश देती है. उन्होंने सुदामा चरित्र का उल्लेख करते हुए मित्रता, प्रेम और समानता का संदेश दिया. इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया.




### जगदीश मंदिर परिसर दीपों की रोशनी से हुआ जगमग

**सीहोर.** हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 के स्वागत में सांस्कृतिक मंच द्वारा सब्जी मंडी स्थित जगदीश मंदिर परिसर में 501 दीप प्रज्वलित कर भव्य आयोजन किया गया. इस अवसर पर मंदिर परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा. कार्यक्रम में समाजसेवी अरुणा राय, नमिता राय, अमिता अरोरा सहित अन्य अतिथियों ने नववर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे उत्साहपूर्वक मनाने का आह्वान किया. वक्ताओं ने कहा कि हिंदू नववर्ष प्रकृति के नवजीवन का प्रतीक है और भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़ा हुआ है. आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने ने भाग लेकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं.



### राज्य स्तरीय शिविर में प्रीति ने किया जिले का नाम रोशन

**सीहोर.** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवक प्रीति परमार ने सात दिवसीय राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर चित्रकूट में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया. नगर आगमन पर प्राचार्य सुनीता जैन, देवेंद्र राय, डॉ. राजेंद्र देशमुख आदि ने बधाई दी है.



### शतचंडी यज्ञ के पूर्व निकली कलशयात्रा

**डोबी.** शतचंडी महायज्ञ के शुभारंभ पर कलश यात्रा ग्राम के राम जानकी मंदिर से खेड़ापति मंदिर तक निकाली गई. कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष एवं गणमान्य लोग शामिल हुए. पत्रकार राघवेंद्र सिंह पटेल, ग्रामवासियों, सरपंच कल्याण सिंह पटेल व पटेल परिवार के सहयोग से महा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. ग्राम भौति से पधारे संत यज्ञ शाला के समीप धूप में साधना कर रहे हैं.

### संतों के मार्गदर्शन में की महाआरती

**सीहोर.** आगामी 27 मार्च को निकलने वाली श्री राम नवमी शोभायात्रा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं. शोभायात्रा के पूर्व गंज स्थित श्री राम जानकी राठौर मंदिर में संतों के मार्गदर्शन में महाआरती का आयोजन किया गया. जिसमें सैकड़ों भक्त एवं श्री राम भक्त हनुमान मित्र मंडल के सदस्य उपस्थित थे. शोभायात्रा अध्यक्ष भविष्य राठौर ने बताया कि श्री राम नवमी शोभायात्रा का आयोजन 27 मार्च को किया जाएगा. जिसकी तैयारी शुरू हो चुकी हैं. हिंदू समाज एवं श्रद्धालुओं से निवेदन किया गया है कि यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करें. शोभा यात्रा माता मंदिर चौराहा गंज से प्रारंभ होकर राठौर चौरहा से होते हुए समाधिया मंदिर रोड़ से पुराना बस स्टैंड, कोतवाली, मार्केट, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी, लाल मस्जिद से होते हुए गाड़ी अड्डा राम जानकी मंदिर पर यात्रा का समापन होगा.

# बेमौसम बारिश ने किसानों को किया चिंतित

## देर रात बादलों की गड़गड़ाहट और बिजली की चमक के बीच बरसे बादलों ने किया उपज को गीला





सीहोर. बीती रात बेमौसम बारिश ने खेतों में खड़ी व कटकर सूखने पड़ी फसल को गीला कर दिया. इसके अलावा मंडी में भी व्यापारियों का अनाज भीगने के समाचार मिले हैं. गीले अनाज को सुखाने का जतन करते किसान.

- मंडी में और खलिहान में अनाज भीगने से बढ़ी परेशानी
- सीहोर तहसील में 2.2 एमएम व इछावर में 9 एमएम बारिश

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 मार्च. जिले में बीती रात अचानक बदले मौसम ने किसानों और व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी. करीब 45 मिनट तक रुक-रुक कर हुई तेज बेमौसम बारिश ने जहां कृषि उपज मंडी समिति में खुले में रखे गेहूं को भिगो दिया. वहीं खेतों में सूखने को पड़ी उपज और खड़ी फसल भी प्रभावित हुई. मंडी परिसर में कई दुकानों के सामने रखा अनाज पानी में भीग गया, जिससे उसकी गुणवत्ता पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है.**

क्षेत्र में इन दिनों फसल कटाई का कार्य जोरशोर से चल रहा है. ऐसे में मौसम के मिजाज बिगड़ने से किसान चिंतित हो गए हैं. बीती देर रात लगभग 1.45 बजे बादलों की जोरदार गड़गड़ाहट और बिजली की चकाचौंध के बीच बारिश का सिलसिला शुरू हुआ. लगभग 20 मिनट तक बारिश होने से खेतों में सूख रही उपज गीली हो गई तो पककर कटने को तैयार फसल पर भी पानी का असर पड़ने की संभावना बलवती हो गई है. मौसम विभाग के अनुसार, यह बारिश बीती रात करीब 1.45 बजे शुरू हुई और लगभग डेढ़ घंटे तक रुक-रुक कर जारी रही. इससे पहले 21 फरवरी को भी जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई थी, जिसमें श्यामपुर में 1.3 मिमी, आष्टा में 4 मिमी और जावर में 3 मिमी वर्षा हुई थी। करीब एक महीने बाद 20 मार्च को फिर से बारिश होने से मौसम का मिजाज अचानक बदल गया. हालांकि इस बारिश से आम लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है. पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक पहुंच गया था. बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिले में दर्ज वर्षा के आंकड़ों के अनुसार, सीहोर में 2.2 मिमी और इछावर में 9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई. लेकिन यह राहत किसानों और व्यापारियों के लिए महंगी साबित हो रही है, क्योंकि फसल और अनाज को हुए नुकसान की भरपाई करना आसान नहीं होगा.

### उपज को सहेजने की कवायद में जुटे किसान

सुबह होते ही मंडी में व्यापारी और किसान भीगे गेहूं को बचाने में जुट गए. कहीं तिरपाल डाले गए तो कहीं धूप निकलते ही अनाज को फैलाकर सुखाने का काम शुरू कर दिया गया. कई स्थानों पर गेहूं की बोरियां खोलकर उन्हें सुखाया जा रहा है, ताकि नुकसान को कम किया जा सके. बावजूद इसके, व्यापारियों का कहना है कि भीगने के कारण गेहूं की चमक और गुणवत्ता प्रभावित होगी, जिससे बाजार में इसके दाम भी घट सकते हैं. केवल मंडी ही नहीं, खेतों में खड़ी फसल पर भी इस बारिश का असर पड़ा है. किसानों के अनुसार कटाई के लिए तैयार गेहूं की फसल की चमक और दाने की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है. इसके अलावा लहसुन और प्याज की फसलों को भी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि ये फसलें इस समय संवेदनशील अवस्था में हैं.

### 86 गांवों में चरणबद्ध तरीके से मिलेगा पानी

**रेहटी.** मरदानपुर ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना में तकनीकी खराबी के चलते सलकनपुर जोन के 86 गांवों में आगामी तीन दिनों तक चरणबद्ध तरीके से पेयजल आपूर्ति की जाएगी. जल शोधन संयंत्र के तीन मोटर पंपों में से दो खराब हो जाने के कारण एक ही पंप से जलप्रदाय किया जा रहा है. सलकनपुर क्षेत्र में पेयजल की बढ़ती मांग को देखते हुए विभाग ने 86 गांवों को तीन भागों में बांटकर जलप्रदाय करने का निर्णय लिया है. प्रथम दिन ग्राम आंवलीघाट, गंजीट, इटारसी, नीलकछार, नक्ति तलाई, पानगुराडिया, मथिनी, मुर्राह, धानकोट, पाथोड़ा, चारुआ, जहाजपुरा, सत्तुमड़ी, सतारा, दीपाखेड़ा, होलीपुरा, पिलिकारार, खंडावाड़, बायन (बान्या), उंचाखेड़ा, पांडाडोह, देवगांव, तालपुरा, महुकला, पातालकोह (गुड़िया), मकोड़िया, सेमरिया और सलकनपुर में जल प्रदाय किया जाएगा. दूसरे दिन में ग्राम मकोड़िया, सतधार, जमुनरा, जमुनियाकला, भाद कुल, बोरधी, अनुप्पुरा, माली बांया, कोसमी, प्रतापपुर, ओलिया पुल, झोलिया पुर, बर्धा, जमुनिया प्रजापत, मर्दानपुर, बहराखेड़ी, डोंगरी, पांगरा, मोगरा, फुलाड़ा, नयागांव में जल प्रदाय किया जाएगा. तीसरे दिवस में गोंडीगुड़ाडिया, चिचला खुर्द, रामनगर, नरेला, नदियाखेड़ा, रेवागांव, बरखेड़ा, बसनिया कला, सावलखेड़ा, रतनपुर, बसनिया खुर्द, इटावा जदीद, कलवाना और रामगढ़ा में जल प्रदाय किया जाएगा.

## संदिग्धों की हलचल से कालोनी में भय

नवभारत न्यूज

**बुधनी 20 मार्च.** नगर के इंदिरा नगर क्षेत्र में बीती मध्य रात 2 बजे अज्ञात नकाबपोश युवकों द्वारा घरों में घुसने का प्रयास किए जाने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया. घटना के दौरान कुछ घरों में आहट सुनाई देने पर रहवासियों की नींद खुल गई, जिसके बाद संदिग्ध युवक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले.

घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले के लोग घरों से बाहर निकल आए और आसपास क्षेत्र में तलाश शुरू की. सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर संदिग्धों की खोजबीन की गई. हालांकि देर रात तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका. पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिससे आरोपियों की पहचान और गतिविधियों का पता लगाया जा सके. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, संदिग्ध युवकों की संख्या 3 से 4 के बीच बताई जा रही है. गौरतलब है कि गर्मियों के मौसम में घरों के बाहर चलने वाले कूलरों की आवाज के कारण बाहर की आहट कई बार सुनाई नहीं देती, वहीं लोग गहरी नींद में सो जाते हैं. ऐसे में असामाजिक तत्व इसी स्थिति का फायदा उठाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश करते हैं.

## राज्य स्तरीय ओलंपियाड में छात्र दिखाएंगे प्रतिभा

- जिले के चार छात्र - छात्राओं का हुआ प्रतियोगिता में चयन
- आगामी 23 मार्च को ग्वालियर में होगा सम्मान समारोह

नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 20 मार्च.** राज्य स्तरीय इंग्लिश ओलिंपियाड में चार छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है.यह जिले के लिए गर्व का विषय है कि सभी चयनित विद्यार्थी भैरूंदा विकासखंड से हैं.

जिला स्तरीय परीक्षा में अव्वल इन विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है. आगामी 22 एवं 23 मार्च को ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में इन टॉपर छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा एपीसी अकादमिक सुरेंद्र सिंह यादव के अनुसार, शासकीय प्राथमिक शाला हाथीघाट नदीपार की कक्षा 3 की छात्रा कुमारी नंदिनी, कक्षा 4 के छात्र आर्यंश पंवार एवं कक्षा 2 के छात्र दक्ष पंवार ने जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया.शासकीय माध्यमिक शाला नंदगांव की कक्षा 5 की छात्रा कुमारी अल्फिया खान भी राज्य स्तर के लिए चयनित हुई हैं. इन विद्यार्थियों को शिक्षक



रितेश कुमार विश्वकर्मा, रामस्वरूप झांगरे एवं श्रीमती प्रज्ञा पांडे का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. कलेक्टर बालागुरु के, सीईओ सर्जना यादव, डीईओ संजय सिंह तोमर एवं डीपीसी रमेशराम उईके ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं.

## प्रकाश पर्व पर निकाली भव्य शोभायात्रा

- सिंधी समाज ने मनाया भगवान झूलेलाल का प्रकाश पर्व
- शोभायात्रा का नगर के अनेक स्थानों पर किया गया स्वागत

नवभारत न्यूज

**आष्टा 20 मार्च.** चेती चांद के अवसर पर सिंधी पंचायत के तत्वावधान में भगवान झूलेलाल का 1076 वां प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई. जो प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी.

बड़ा बाजार क्षेत्र में पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार एवं उनके साथियों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया. शोभायात्रा का नेतृत्व सिंधी समाज के अध्यक्ष सुशील भोजवानी, युवा संगठन



अध्यक्ष रणजीत अरोरा एवं वरिष्ठ समाजसेवी मनोहर भोजवानी ने किया. इस मौके पर पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि भगवान झूलेलाल ने सिंधी समाज को एकता, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है. उन्होंने कहा कि सिंधी समाज ने कठिन परिस्थितियों में भी त्याग और परिश्रम के बल पर देश निर्माण में अहम योगदान दिया है. कार्यक्रम में प्रेमनारायण शर्मा, प्रदीप प्रगति, विजय जैन, पल्लव जैन एवं गणेश सोनी आदि उपस्थित थे. जुलूस का समापन गणेश मार्केट स्थित गुरुद्वारे पर किया गया.

### हितग्राहियों को मिलेगा दो माह का राशन

**सीहोर.** शासन द्वारा सभी पात्र राशन हितग्राहियों को मार्च-अप्रैल एवं मई-जून दो-दो माह की राशन सामग्री एक साथ वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं. जारी निर्देशानुसार सभी पात्र परिवारों को मार्च-अप्रैल की राशन सामग्री 10 मार्च से 15 अप्रैल के बीच और मई-जून की राशन सामग्री 1 से 31 मई के बीच एक मुश्त प्रदान की जाएगी. पीओएस मशीन में मार्च एवं अप्रैल माह की राशन सामग्री के माहवार वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है. राशन प्राप्त करने के लिए माहवार पीओएस मशीन पर बायोमेट्रिक सत्यापन करना होगा. अर्थात हितग्राही को दो माह का राशन एक साथ प्राप्त करते समय पीओएस मशीन पर दो बार अंगूठा लगाना होगा.

## भंडारा 22 को, शामिल होंगे दिग्गज नेता

नवभारत न्यूज

**बुधनी 20 मार्च.** मां नर्मदा की 90 दिनों में पैदल परिक्रमा पूर्ण करने वाले कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा द्वारा 22 मार्च को सलकनपुर-इटारसी स्थित निवास पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा. इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के कई नेता और साधु-संत शामिल होंगे.

विक्रम मस्ताल शर्मा ने 90 दिनों में नर्मदा पैदल परिक्रमा पूर्ण कर एक मिसाल पेश की है. परिक्रमा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 22 मार्च को उनके निवास पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है. आयोजन में कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं के शामिल होने की संभावना है. जिसमें पूर्व सांसद नकुलनाथ, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, लखन घनघोरिया सहित कई विधायक, पूर्व मंत्री और संगठन पदाधिकारी शामिल होंगे.

बताया जा रहा है कि यह पहली बार होगा जब बुधनी विधानसभा क्षेत्र में किसी कार्यक्रम में एक साथ दो हेलीकॉप्टर उतरेंगे. कार्यक्रम को लेकर प्रशासन भी सतर्क है. एसडीएम, एसडीओपी और थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है.

इसके अलावा शर्मा ने केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं को भी आमंत्रण दिया गया है. आयोजकों द्वारा विशाल भंडारे में देश भर से लोगों के आने की बात कही जा रही है.

### दिव्यांगजनों को प्रदान की ट्राई साइकिल

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय विभाग एवं वर्धमान टैक्सटाइल लिमिटेड द्वारा दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम जिला पंचायत में आयोजित किया गया. इस अवसर पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा चिन्हित किए गए 20 दिव्यांगजनों को वर्धमान टैक्सटाइल लिमिटेड बुधनी एवं विभाग के अधिकारियों द्वारा मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदान की गई. कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर रविंद्र परमार, सहायक संचालक महेश यादव, राजीव आंग्रा, दिनेश केटी, शोएब मिर्जा, अंकिता ठाकुर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं दिव्यांगजन उपस्थित थे. ट्राई साईकिल मिलने से हितग्राहियों के चेहरों में मुस्कान नजर आई.

ज्ञापन सौंपा

सीएम राइज स्कूलों के लिए अन्य विद्यालयों को बंद करने के विरोध में उतरा शिक्षक संयुक्त मोर्चा

## अनेक विद्यालय बंद होने से प्रभावित होगी शिक्षा व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 मार्च.** जिले में संचालित सीएम राइज सांदीपनी विद्यालयों के लिए आसपास के स्कूलों को बंद किए जाने की प्रक्रिया का शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने कड़ा विरोध किया है. मोर्चा ने इस संबंध में विधायक सुदेश राय को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई रोकने की मांग की है.

शिक्षक संघ ने बताया कि जिले में सीएम राइज विद्यालयों के संचालन के लिए आसपास के ग्रामीण एवं शहरी विद्यालयों को बंद करने की प्रक्रिया तेज हो गई है. मोर्चा प्रतिनिधियों ने विधायक सुदेश राय को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि इस निर्णय से शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है. विधायक ने आश्वासन दिया कि बच्चों की शिक्षा और शिक्षकों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा.

मोर्चा के अनुसार विभाग द्वारा सीएम राइज विद्यालयों को उनके नए भवनों में संचालित करने के निर्देश दिए जा रहे हैं, जिसके चलते आसपास के कई विद्यालयों को उनमें समाहित करने की कार्रवाई की जा रही है. इससे शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन होने की आशंका जताई गई है. पदाधिकारियों ने बताया कि अधिनियम के अनुसार प्रत्येक 1 किमी पर प्राथमिक और 3 किमी पर माध्यमिक विद्यालय होना अनिवार्य है, लेकिन वर्तमान



प्रक्रिया इस व्यवस्था के विपरीत है. कई स्थानीय विद्यालयों के बंद होने की स्थिति बन रही है, जिससे विशेषकर गरीब और ग्रामीण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी और ड्रॉपआउट की संख्या बढ़ सकती है. दूरी बढ़ने से छोटे बच्चों और विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा. केवल सीएम राइज विद्यालयों को बढ़ावा देने के नाम पर अन्य विद्यालयों का अस्तित्व समाप्त करना उचित नहीं है, जबकि कई स्कूल पहले से ही बेहतर तरीके से संचालित हो रहे हैं. शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने इस प्रक्रिया को तुगलकी आदेश बताते हुएतत्काल कार्रवाई रोकने और सभी विद्यालयों को यथावत संचालित रखने की मांग की है. इस अवसर पर सतीश त्यागी, संजय सक्सेना, प्रदीप नागिया, बद्री प्रसाद मालवीय, राजेंद्र परमार, दिवाकर सिंह, कुंदन राय, विनोद उपाध्याय, विश्वजीत त्यागी, मुकेश कुशवाह, अर्जुन सिंह, जागेश्वर भगत, बद्रीप्रसाद वर्मा, सवाई सिंह परिहार, हेमंत मालवीय, राजेश तिवारी, नरेश मेवाड़ा, चंदर वर्मा, शैलेन्द्र चौहान, गणपत वर्मा, जितेंद्र शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा एवं रोहित शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित थे.